सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 19 अक्टूबर, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में बुधवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर, एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जी0पी0 सिंह ने मुलाकात की। इस अवसर पर एनसीसी निदेशालय उत्तराखंड के एडीजी मेजर जनरल पी0एस0 दहिया भी उपस्थित रहे। इस दौरान महानिदेशक ने एनसीसी के क्रिया–कलापों एवं गतिविधियों की जानकारी राज्यपाल को दी। उन्होंने उत्तराखंड में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण संस्थान का सुझाव दिया, जिसमें उच्च स्तर की सुविधांए मौजूद हों। उन्होंने कहा कि उत्तराखंडके युवाओं में अद्भुत प्रतिभा है और वे एनसीसी और सेना में शामिल होकर देश सेवा करने का जज्बा देखने लायक है। इसके लिए युवाओं को प्रशिक्षण के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना जरूरी है।

राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल एवं प्रेरित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही है। इसके साथ–साथ युवाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन, साहस की भावना तथा स्वयं सेवा के आदर्शों को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनसीसी अपने उद्देश्यों पर खरा उतर रहा है। सैन्य भूमि होने के नाते यहां के अधिकांश युवा एनसीसी और सेना में जाने के इच्छुक हैं। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण के लिए प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने एनसीसी निदेशालय उत्तराखंड को हर संभव सहयोग का भी आश्वासन दिया।

...........0............